हिन्दी मासिक अंक : 12 वर्ष : 13 मार्च 2026 ₹5/-



# अक्षय किरण



## सदन में सक्रिय एवं प्रभावी भागीदारी

**राजस्थान विधानसभा के पंचम सत्र में विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी की मुखर सहभागिता**



- **40** तारांकित प्रश्न
- **60** अतारांकित प्रश्न
- **15** पर्ची के माध्यम से विषय
- **26** ध्यानाकर्षण प्रस्ताव
- **3** विशेष उल्लेख प्रस्ताव
- **1** अल्पकालिक चर्चा प्रस्ताव
- **4** याचिकाएँ

## राजसमंद के समग्र विकास हेतु 14 सूत्रीय मांगें, विधायक दीप्ति ने उठाई सशक्त आवाज़

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने स्वायत्त शासन विभाग की अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान राजसमंद शहर के सुनियोजित और संतुलित विकास के लिए 14 सूत्रीय मांगें विधानसभा में रखीं। उन्होंने राज्य सरकार की विकासोन्मुख नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि दूरदर्शी नेतृत्व के कारण प्रदेश में समान विकास को प्राथमिकता मिल रही है।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने मुखर्जी चौराहे से इरिगेशन पाल होते हुए द्वारिकाधीश मंदिर तक प्रस्तावित एलिवेटेड/रिंग रोड और पार्किंग निर्माण तथा अन्नपूर्णा माताजी मंदिर से दयाशाह किला तक रोप–वे परियोजना को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि इनसे यातायात व्यवस्था बेहतर होगी, धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

उन्होंने नगर परिषद क्षेत्र में जोनल प्लान को शीघ्र अंतिम रूप देने, नगर विकास प्रन्यास के गठन और पेराफेरी क्षेत्रों के लिए स्पष्ट नीति बनाने की मांग की। भूमि रूपांतरण से प्राप्त राजस्व को संबंधित क्षेत्रों के विकास में उपयोग करने पर भी जोर दिया।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत शेष आवासों का रियायती दर पर आवंटन, सड़क सुदृढ़ीकरण हेतु अतिरिक्त बजट, ट्रांसपोर्ट नगर की स्थापना, भूमिगत केबलिंग, सीवरेज प्रणाली, एसटीपी और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने नगर परिषद में रिक्त पद शीघ्र भरने की आवश्यकता भी बताई।

इसके साथ ही नामांतरण शुल्क में 50 प्रतिशत छूट को नियमित दिनों में लागू करने, राजसमंद में निर्माणाधीन ऑडिटोरियम का नाम महाराणा राज सिंह जी के नाम पर रखने तथा स्वर्गीय हरिओम सिंह जी और स्वर्गीय किरण माहेश्वरी के नाम पर मुख्य चौराहों के नामकरण का भी आग्रह किया।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने विश्वास जताया कि सरकार शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेकर राजसमंद के समग्र विकास को नई गति देगी।

### चर्चा में तथ्यपरक एवं सारगर्भित विवरण द्वारा प्रभावी प्रस्तुति

- 35 मंत्रालयों के 45 से अधिक विभागों पर प्रश्न
- 15 विभागो की अनुदान मांगो पर क्षेत्रीय विकास से जुड़े 75 कटौती प्रस्ताव
- राज्यपाल के अभिभाषण, राजस्थान बजट पर विधेयक पर चर्चा में सक्रिय सहभागिता

# क्रिकेट प्रतियोगिता से बढ़ रही सामाजिक एकजुटता



विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने ग्राम बैठुम्बी में आयोजित चार दिवसीय भील समाज क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेकर खिलाड़ियों व जनसमुदाय को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ समाज में अनुशासन, एकता और भाईचारे को सुदृढ़ करती हैं तथा युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करती हैं। मैदान में उत्साह, ऊर्जा और खेल भावना का प्रभावी वातावरण देखने को मिला।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने भील समाज द्वारा किए गए इस आयोजन को सामाजिक एकजुटता बढ़ाने और युवा प्रतिभाओं को मंच देने की सराहनीय पहल बताया। उन्होंने कहा कि जनजाति समाज के उत्थान के लिए केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तथा प्रदेश सरकार द्वारा अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। जनजाति समाज को सशक्त बनाना सरकार की प्राथमिकता है और इस दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमों को शुभकामनाएँ दी और खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। साथ ही आयोजन समिति, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

इससे पूर्व विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने महाशिवरात्रि के अवसर पर फरारा स्थित श्री कुन्तेश्वर महादेव मंदिर में पूजा–अर्चना कर प्रदेश एवं देश की सुख–समृद्धि की कामना की।



# कुशल प्रबंधन से घटी ट्रांसमिशन हानि, पीपली आचार्यान में नया जीएसएस शीघ्र

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी द्वारा विधानसभा में उठाए गए तारांकित प्रश्न पर राज्य सरकार ने विद्युत व्यवस्था में सुधार के ठोस परिणाम प्रस्तुत किए हैं। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि प्रदेश में विद्युत तंत्र के सुदृढ़ीकरण और कुशल प्रबंधन से पिछले दो वर्षों में ट्रांसमिशन हानि में लगभग 7 प्रतिशत की कमी आई है। अजमेर निगम क्षेत्र में यह हानि करीब 10 प्रतिशत से घटकर 3.5 प्रतिशत रह गई है, जो बेहतर प्रशासन और तकनीकी सुधारों का संकेत है।

विधानसभा में उन्होंने राजसमंद क्षेत्र के सांगठ, साकरौदा, सापोल और पीपली आचार्यान में वोल्टेज समस्या और अनियमित बिजली आपूर्ति का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। सरकार ने बताया कि सांगठ कला में 33 केवी जीएसएस स्थापित किया जा चुका है, साकरौदा में नए ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं और सापोल में 33 केवी सबस्टेशन शुरू हो चुका है।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी की मांग पर सरकार ने आश्वासन दिया कि पीपली आचार्यान में भूमि की एनओसी मिलते ही नया जीएसएस स्थापित किया जाएगा, जिससे ग्रामीण और औद्योगिक उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। उन्होंने कृषि फीडर पृथक्करण और दिन में बिजली आपूर्ति का मुद्दा भी उठाया। सरकार ने बताया कि स्वीकृत 26 कृषि फीडरों में से कई पूर्ण हो चुके हैं और शेष कार्य प्रगति पर है।

उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए "बिजली मित्र" मोबाइल ऐप के माध्यम से बिल भुगतान और शिकायत दर्ज करने की सुविधा दी गई है। आरडीएसएस योजना के तहत 19 लाख से अधिक स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि सरकार विश्वसनीय और सुदृढ़ विद्युत व्यवस्था के लिए प्रतिबद्ध है।

# केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का जयपुर में स्वागत, किसान सशक्तिकरण पर जोर







जयपुर। राजसमंद विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने जयपुर प्रवास पर आए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का भाजपा कार्यालय में स्वागत किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के साथ संवाद हुआ। केंद्रीय मंत्री ने विधायक दीप्ति माहेश्वरी को आशीर्वाद देते हुए उनके परिवार से जुड़े आत्मीय संबंधों का उल्लेख किया।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय कृषि मंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार किसानों को सशक्त और समृद्ध बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने और उत्पादन क्षमता सुधारने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार भी इन प्रयासों में सक्रिय भागीदारी निभा रही है। प्रदेश में किसान सम्मान निधि के तहत केंद्र सरकार द्वारा दिए जाने वाले 6000 रुपये के साथ राज्य सरकार 3000 रुपये अतिरिक्त सहायता प्रदान कर रही है, जिससे किसानों को सीधा आर्थिक लाभ मिल रहा है।

## टेलिंग अपशिष्ट पर सख्ती की मांग, राजसमंद के हितों की रक्षा हेतु विधानसभा में मुखर हुईं विधायक दीप्ति



विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने विधानसभा सत्र में विशेष उल्लेख के माध्यम से हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के खनन कार्य से उत्पन्न टेलिंग अपशिष्ट से जुड़ी गंभीर समस्याओं को उठाया। उन्होंने कहा कि टेलिंग के संग्रहण और निस्तारण से पर्यावरण, भू–जल, कृषि भूमि, जनस्वास्थ्य और नागरिक सुरक्षा प्रभावित हो रही है, जिससे क्षेत्र में चिंता बढ़ रही है।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने बताया कि कंपनी द्वारा अधिग्रहित या खरीदी गई भूमि और वास्तविक उपयोग में ली जा रही भूमि के बीच स्पष्टता का अभाव है। पर्यावरणीय मानकों के पालन को लेकर भी लगातार शिकायतें मिल रही हैं। पिछले पांच वर्षों में टेलिंग के लिए खरीदी गई भूमि और प्रस्तावित अधिग्रहण की स्थिति स्पष्ट न होने से जनता में भ्रम बना हुआ है।

उन्होंने कहा कि जिन किसानों की भूमि ली गई, उनके पुनर्वास, रोजगार और स्थायी आजीविका की पर्याप्त व्यवस्था नहीं हो सकी है। स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता न मिलने से असंतोष बढ़ रहा है।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने राज्य सरकार से मांग की कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों को शामिल करते हुए उच्च स्तरीय जांच समिति गठित कर निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही भूमि उपयोग, पर्यावरणीय स्थिति और पुनर्वास योजनाओं की जानकारी सार्वजनिक कर प्रभावित परिवारों को समयबद्ध राहत दी जाए।

उन्होंने कहा कि विकास आवश्यक है, लेकिन पर्यावरण और आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

## निवेश प्रोत्साहन नीतियों से औद्योगिक विकास को गति, राजसमंद की स्टोन मंडी को मिलेगा बल



विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कहा कि प्रदेश सरकार की निवेश प्रोत्साहन नीतियों और व्यापार सुगमता के प्रयासों से राजस्थान औद्योगिक विकास के नए दौर में प्रवेश कर रहा है। अनुकूल वातावरण के कारण निवेश, रोजगार और निर्यात में तेजी आई है।

विधानसभा में तारांकित प्रश्न के माध्यम से विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने औद्योगिक विकास में निजी भागीदारी और राजसमंद में प्रस्तावित स्टोन मंडी की प्रगति पर जानकारी प्राप्त की। उद्योग मंत्री ने बताया कि राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना–2024 सहित विभिन्न योजनाओं से उद्योगों के लिए सकारात्मक माहौल बना है। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने बताया कि "एक जिला एक उत्पाद" योजना के अंतर्गत 350 इकाइयों को लगभग 16 करोड़ रुपये की सहायता दी गई है। तकनीकी उन्नयन, अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनियों में भागीदारी और निर्यात परिवहन सहायता जैसे प्रावधान उद्योगों को प्रतिस्पर्धी बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजसमंद में धोइन्दा औद्योगिक क्षेत्र में लगभग 13,500 वर्गमीटर भूमि पर स्टोन मंडी विकसित की जा रही है। यहां 10 भूखंड तैयार हो चुके हैं और 7 भूखंड आवंटन के लिए उपलब्ध हैं। इससे स्थानीय उद्योगों को संगठित विपणन और निर्यात की सुविधा मिलेगी। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने विश्वास जताया कि इन नीतियों से पत्थर उद्योग सहित लघु और मध्यम उद्योगों को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने उद्योग मंत्री और मुख्यमंत्री से मार्बल एवं ग्रेनाइट उद्योग की समस्याओं के समाधान तथा निर्यात आधारित विकास को बढ़ावा देने हेतु विशेष सहयोग का आग्रह किया।

# महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष राखी राठौड़ को बधाई, महिला सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता




जयपुर। राजसमंद विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने भाजपा महिला मोर्चा की नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष राखी राठौड़ को प्रदेश कार्यालय में बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर संगठन सुदृढ़ीकरण, महिला सशक्तिकरण और जनकल्याणकारी योजनाओं पर विचार–विमर्श हुआ।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि राखी राठौड़ के नेतृत्व में महिला मोर्चा प्रदेशभर में जागरूकता और संगठन विस्तार को नई दिशा दे रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि महिला मोर्चा भाजपा की नीतियों को समाज के हर वर्ग तक प्रभावी रूप से पहुँचाएगा।

उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा केवल कानून का विषय नहीं, बल्कि सरकार की प्राथमिकता का स्पष्ट प्रतिबिंब है। जब अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होती है, तब समाज में विश्वास और सुरक्षा का वातावरण बनता है। भाजपा सरकार ने कानून–व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने बताया कि प्रदेश में कठोर नीतियों के सकारात्मक परिणाम दिखाई दे रहे हैं। महिला उत्पीड़न की घटनाओं में कमी आई है और महिलाएँ अधिक आत्मविश्वास के साथ सार्वजनिक जीवन में भागीदारी कर रही हैं।

# आस्था और परंपरा के साथ राजसमंद में हुआ होलिका दहन, विधायक दीप्ति ने की क्षेत्रवासियों की सुख–समृद्धि की कामना





राजसमंद नगरीय क्षेत्र में होलिका दहन का पर्व श्रद्धा, आस्था और परंपरागत विधि–विधान के साथ मनाया गया। विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने विधिपूर्वक होलिका पूजन कर दहन किया और समस्त क्षेत्रवासियों की सुख–समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

इस अवसर पर विधायक दीप्ति ने कहा कि होलिका दहन भारतीय संस्कृति का प्रतीक पर्व है, जो यह संदेश देता है कि सत्य की सदैव विजय होती है और असत्य, अहंकार व अन्याय का अंत निश्चित है। यह पर्व समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे, सद्भाव और सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि ऐसे पावन पर्व सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और समाज को जोड़ने का अवसर प्रदान करते हैं। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने समस्त क्षेत्रवासियों को होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए कामना की कि यह महापर्व सभी के जीवन में नई ऊर्जा, उत्साह और आनंद लेकर आए। होली का यह पर्व सभी के जीवन में उत्साह, उमंग, उल्लास और आनन्द की आपुर्ति करता रहे।


पेसिफिक मेडिकल कॉलेज & हॉस्पिटल
विश्वस्तरीय, अत्याधुनिक 1200+ बेड्स वाला मल्टी-स्पेशलिटी हॉस्पिटल
PMCH
HEALTH ADVISORS
NABH
H-2024-1409
यूरोलॉजी से जुड़ी समस्याओं का इलाज
आधुनिक तकनीक व विशेषज्ञ देखभाल के साथ
किडनी स्टोन (पथरी)
प्रोस्टेट संबंधी समस्याएँ
बार-बार पेशाब आना / पेशाब में जलन
पेशाब रुकना / पेशाब कम आना
बच्चों में मूत्र संबंधी समस्याएँ
यूरिनरी ट्रैक्ट इन्फेक्शन (UTI)
50,000+ सफलतम सर्जरी
अज ही हमारे यूरोलॉजिस्ट से सलाह ले!
डॉ. हनुवंत सिंह राठौड़
MS, M.Ch. – Uro Surgery
यूरोलॉजिस्ट और रिकंस्ट्रक्शन सर्जन
10+ Years of Experience
HELPLINE NUMBER
8690541110
भीलो का बेदला, एनएच-27, प्रताप पुरा
अंबेरी, उदयपुर, राजस्थान-313011
योजनाओं एवं सभी इंश्योरेंस एवं TPA के
कैशलेस ईलाज के लिए अधिकृत हॉस्पिटल
*नियम व शर्तें लागू

# मोदी सरकार के 12 वर्ष महिला सशक्तिकरण का स्वर्णिम कालखंड



जयपुर। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राजस्थान विधानसभा में आयोजित कार्यक्रम में विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्ष देश में महिला सशक्तिकरण का स्वर्णिम कालखंड रहे हैं। केंद्र एवं राज्य की भाजपा सरकार महिलाओं को समाज के प्रत्येक क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि संसद एवं विधानमंडलों में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण देने का ऐतिहासिक विधेयक पारित होना भारतीय लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी को सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर है। बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ, उज्ज्वला योजना, मुद्रा ऋण और लखपति दीदी जैसी योजनाओं ने महिलाओं के जीवन को नई दिशा दी है। सरकार का स्पष्ट उद्देश्य महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्यमिता और नेतृत्व में समान अवसर उपलब्ध कराना है।

कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, राज्य मंत्री मंजू बाघमार तथा सांसद मंजू शर्मा की उपस्थिति रही। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली मातृशक्ति को उनके विशिष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर समस्त मातृशक्ति को उनके अथक परिश्रम और राष्ट्र निर्माण में दिए जा रहे अमूल्य योगदान के लिए हार्दिक बधाई दी।

# "एक जिला एक खेल-हॉकी" अभियान से उभरती प्रतिभाओं को मिलेगा नया मंच




विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने ग्राम भाणा स्थित एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में जिला प्रशासन एवं खेल विभाग द्वारा पंच गौरव कार्यक्रम के अंतर्गत "एक जिला एक खेल–हॉकी" अभियान के तहत 21 दिवसीय जिला स्तरीय हॉकी प्रशिक्षण शिविर का मुख्य अतिथि के रूप में शुभारंभ किया।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि यह प्रशिक्षण शिविर जिले के खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेगा। राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने और प्रतिभाओं को उचित मंच उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

शिविर में अर्जुन अवॉर्डी एवं पूर्व ओलंपियन श्री अशोक ध्यानचंद तथा पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी श्री दलजींदर सिंह खिलाड़ियों को विशेष प्रशिक्षण देंगे। उभरते खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनुभवी खिलाड़ियों से मार्गदर्शन प्राप्त होना एक अमूल्य अवसर है।

# त्याग, राष्ट्रभक्ति और मातृशक्ति की प्रेरणा हैं माता पन्नाधाय

माता पन्नाधाय की 536वीं जयंती एवं अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राजसमंद के अणुव्रत विश्व भारती सभागार में राजस्थान गुर्जर महासभा और आशापुरा मानव कल्याण ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में भव्य समारोह आयोजित हुआ। विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि माता पन्नाधाय का बलिदान भारतीय इतिहास में राष्ट्रभक्ति, कर्तव्यनिष्ठा और त्याग की अनुपम मिसाल है, जो आने वाली पीढ़ियों को निरंतर प्रेरित करता रहेगा। उनका जीवन मातृशक्ति की सर्वोच्च आदर्श परंपरा का प्रतीक है।



इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष कालुलाल गुर्जर, राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिश्चन्द्र भाटी, गेहरीलाल गुर्जर, भरत गुर्जर (पन्नाधाय वंशज) सहित अनेक गणमान्य अतिथि, समाजजन एवं मातृशक्ति उपस्थित रहे। विधायक दीप्ति ने आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से शिष्टाचार भेंट, गांधी परिवार का इतिहास देश के साथ विश्वासघात का इतिहास है



जयपुर। राजसमंद विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने राजस्थान विधानसभा परिसर में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ से अन्य विधायकों के साथ शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर संगठनात्मक गतिविधियों, जनहित के विषयों और आगामी कार्य योजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। प्रदेश अध्यक्ष ने जनसेवा, क्षेत्र विकास और संगठन सुदृढ़ीकरण को लेकर मार्गदर्शन दिया। विधायक माहेश्वरी ने बैठक को उपयोगी और प्रेरणादायक बताया। भेंट के पश्चात विधायक माहेश्वरी ने राष्ट्रीय राजनीति पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस नेतृत्व ने कई अवसरों पर राष्ट्रहित की अपेक्षा राजनीतिक हितों को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार का राजनीतिक इतिहास राष्ट्रहितों के साथ बार–बार समझौते करने का इतिहास रहा है। इतिहास में ऐसे कई प्रसंग रहे हैं, जिन पर व्यापक चर्चा और मूल्यांकन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इसके विपरीत भारतीय जनता पार्टी "राष्ट्र सर्वोपरि" की भावना से कार्य करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार विकास, सुरक्षा और सुशासन को प्राथमिकता दे रही है। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने विश्वास व्यक्त किया कि समन्वित प्रयासों और स्पष्ट नीति के माध्यम से प्रदेश में जनकल्याण और विकास को निरंतर गति मिलती रहेगी।

# माँ शीतला माताजी के पावन पर्व पर विधायक दीप्ति ने की पूजा–अर्चना



विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने माँ शीतला माताजी के पावन पर्व पर श्रद्धापूर्वक मंदिर पहुँचकर विधि–विधान से पूजा–अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने पथवारी माताजी का पूजन किया तथा पीपल वृक्ष की परिक्रमा कर क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि यह पर्व स्वास्थ्य, स्वच्छता और सेवा भाव का महत्वपूर्ण संदेश देता है। ऐसे उत्सव समाज में स्वच्छता बनाए रखने, सहयोग और आपसी सद्भाव को बढ़ावा देने की प्रेरणा देते हैं।

उन्होंने कहा कि पर्व और उत्सव हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा के प्रतीक हैं, जो सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं और लोगों को प्रकृति व सामुदायिक जीवन के महत्व से जोड़ते हैं।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने सभी क्षेत्रवासियों को इस पावन अवसर की शुभकामनाएं देते हुए माँ शीतला माताजी से सभी के सुख, स्वास्थ्य और उन्नति की कामना की।

# दशा माताजी व्रत कथा में शामिल हुई विधायक दीप्ति, सुख–समृद्धि की कामना

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने मातृशक्ति द्वारा आयोजित दशा माताजी व्रत कथा एवं पूजन कार्यक्रम में भाग लेकर विधि–विधान से पूजा–अर्चना की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि मेवाड़ की पारंपरिक व्रत कथाएं और धार्मिक आयोजन हमारी समृद्ध संस्कृति के प्रतीक हैं, जो समाज में आस्था, संस्कार और सामाजिक एकता को सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने कहा कि दशा माताजी की आराधना सकारात्मक ऊर्जा, पारिवारिक सुख–शांति और सद्भाव का संदेश देती है।

उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए मातृशक्ति की सराहना करते हुए उनके योगदान को प्रेरणादायी बताया। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने मिले सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया।

उन्होंने माँ दशा माताजी से प्रार्थना की कि सभी क्षेत्रवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली बनी रहे।



# चारभुजा धाम में फाग महोत्सव, विधायक दीप्ति ने किए दर्शन

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने मेवाड़ के प्रसिद्ध श्री गढ़बोर चारभुजा जी मंदिर में आयोजित फाग महोत्सव के अवसर पर प्रभु श्री चारभुजानाथ जी के दर्शन कर प्रदेशवासियों की सुख–समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आध्यात्मिक ऊर्जा, सद्भाव और एकता को सुदृढ़ करते हैं। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि फाग महोत्सव मेवाड़ की समृद्ध लोक संस्कृति और आस्था का प्रतीक है। मंदिर परिसर में भजन–कीर्तन, फाग गीतों और चंग की थाप से वातावरण भक्तिमय और उल्लासपूर्ण बना रहा। श्रद्धालुओं के बीच गुलाल और अबीर के साथ भक्ति और उत्साह का सुंदर संगम देखने को मिला। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ते हैं और नई पीढ़ी को परंपराओं से परिचित कराते हैं। विधायक माहेश्वरी ने प्रभु से प्रार्थना की कि सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहे।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं और पुजारी परिवार ने विधायक का सम्मान कर उनका स्वागत किया।





## मेवाड़ स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में सुविधाओं के विस्तार पर जोर

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने मेवाड़ स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स समिति की वार्षिक बैठक में भाग लेकर खेल सुविधाओं के विस्तार की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सुविधाओं में वृद्धि से खिलाड़ियों और स्थानीय निवासियों को अधिक लाभ मिलेगा।

बैठक में क्रिकेट, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, कबड्डी और तैराकी जैसी खेल गतिविधियों के लिए बेहतर संसाधन उपलब्ध कराने पर चर्चा हुई। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने युवाओं के लिए आधुनिक खेल सुविधाएं विकसित करने और फिटनेस गतिविधियों को बढ़ावा देने के सुझाव दिए।

उन्होंने क्लब से जुड़े परिवारों और बच्चों के लिए सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन पर भी बल दिया, जिससे समग्र विकास को प्रोत्साहन मिल सके।

बैठक में समिति द्वारा वार्षिक आय–व्यय का लेखा–जोखा प्रस्तुत किया गया तथा सदस्यों ने खेल, स्वास्थ्य और सामाजिक गतिविधियों को सुदृढ़ बनाने के लिए अपने सुझाव साझा किए।

# होली स्नेह मिलन में रंग, उमंग और सामाजिक समरसता का संगम



राजसमंद। विधायक एवं किरण माहेश्वरी स्मृति मंच की संयोजिका दीप्ति किरण माहेश्वरी के नेतृत्व में देव हेरिटेज परिसर में भव्य होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में गणमान्य नागरिकों, मातृशक्ति, युवाओं, कार्यकर्ताओं और प्रशासनिक अधिकारियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए होली की शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह पर्व प्रेम, सौहार्द और सामाजिक समरसता का प्रतीक है, जो आपसी संबंधों में नए रंग भरने का संदेश देता है।समारोह में वक्ताओं ने ऐसे आयोजनों को सामाजिक एकता और सकारात्मक संवाद को बढ़ावा देने वाला बताया। कार्यक्रम के दौरान फाग गीतों, चंग की थाप और भजन–कीर्तन से वातावरण उल्लासपूर्ण बना रहा। श्रद्धालु गुलाल और अबीर के रंगों में सराबोर होकर उत्सव का आनंद लेते नजर आए।

मेवाड़ की लोक संस्कृति और परंपराओं की झलक इस आयोजन में स्पष्ट दिखाई दी। अंत में सभी ने एक–दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं और समाज में भाईचारे, सौहार्द एवं खुशहाली की कामना की।

# गीता का संदेश कर्तव्य, नैतिकता और जनकल्याण की आधारशिला




विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने गीता ज्ञान संस्थानम् द्वारा आयोजित गीता संगोष्ठी में भाग लेते हुए श्रीमद्भगवद्गीता के सार्वभौमिक संदेश को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गीता मानव जीवन को कर्तव्य, नैतिकता और लोककल्याण की दिशा देने वाला शाश्वत मार्गदर्शक ग्रंथ है।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानन्द का अभिनंदन करते हुए कहा कि उनके माध्यम से गीता का संदेश विश्वभर में पहुँच रहा है। उन्होंने कहा कि गीता धर्म, सत्य और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है तथा समाज में सकारात्मक चेतना का संचार करती है।

उन्होंने कहा कि 'सर्वभूतहिते रताः' का सिद्धांत आज भी प्रासंगिक है और 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' इसी भावना की आधुनिक अभिव्यक्ति है। नेतृत्व का आधार कर्तव्य और नैतिकता होना चाहिए, तभी समाज में विश्वास और विकास संभव है।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने युवाओं से गीता के संदेश को अपनाकर आत्मविश्वास, अनुशासन और सकारात्मक सोच विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने विश्वास जताया कि ऐसे आयोजन सांस्कृतिक चेतना और नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करते रहेंगे।

# जन संवाद केंद्र की जनसुनवाई में बड़ी संख्या में सहभागिता, त्वरित समाधान के निर्देश



विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी के जन संवाद केंद्र पर आयोजित जनसुनवाई में क्षेत्रवासियों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर अपनी समस्याएं और सुझाव प्रस्तुत किए। विधायक माहेश्वरी ने सभी प्रकरणों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर त्वरित और संवेदनशील समाधान के निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध और प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास सर्वोपरि है और प्रशासन को जनहित के मामलों में पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य करना चाहिए।

जनसंवाद के दौरान विधायक माहेश्वरी ने कहा कि आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने कठिन परिस्थितियों का सफलतापूर्वक सामना किया है और वर्तमान चुनौतियों का भी समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे अफवाहों से दूर रहें और अनावश्यक चिंता न करें। साथ ही अधिकारियों को रसोई गैस की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

विधायक माहेश्वरी ने कहा कि सरकार आमजन के हितों के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है और जनसुनवाई के माध्यम से समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जा रहा है।

# विकसित भारत के निर्माण में मातृशक्ति की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण







मुंबई। भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान की पश्चिम भारत क्षेत्रीय परिषद द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मुंबई के तेरापंथ भवन, कांदिवली में आयोजित शक्ति संगम रविवार कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं की भागीदारी और नेतृत्व अत्यंत महत्वपूर्ण है।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि आज की मातृशक्ति केवल परिवार तक सीमित नहीं रही, बल्कि समाज, शिक्षा, प्रशासन, व्यवसाय और आर्थिक विकास सहित प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रभावी भूमिका निभा रही है। महिलाओं को यदि समान अवसर और उचित मार्गदर्शन मिले तो वे अपनी प्रतिभा के बल पर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं।

उन्होंने बताया कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और आर्थिक स्वावलंबन के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएँ संचालित की जा रही हैं। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण, नेतृत्व विकास, स्वास्थ्य जागरूकता और करियर के अवसरों पर सार्थक चर्चा हुई। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने आयोजन समिति के समस्त पदाधिकारियों एवं उपस्थित मातृशक्ति के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## राजसमन्द के कृषि सभागार का उद्घाटन







राजसमन्द की विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने विगत दिनों कृषि सभागार का उद्घाटन करते हुए इसे कृषकों के लिए वरदान बताया है। उन्होने कहा कि अन्नदाता की सुविधा और समृद्धि के लिए सदैव सरकार संकल्पित रही है।

## ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में लापरवाही अस्वीकार्य

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने बताया कि राजसमंद नगर परिषद क्षेत्र में प्रतिदिन 35–40 टन कचरा उत्पन्न हो रहा है, लेकिन उचित अनुबंध के अभाव में निस्तारण व्यवस्था बाधित है। डंपिंग यार्ड में खुले में कचरा जलाने से विषैली गैसें फैल रही हैं, जो पर्यावरण और जनस्वास्थ्य के लिए खतरा हैं। इससे आसपास के विद्यालयों और आवासीय क्षेत्रों में रहने वाले नागरिक, विशेषकर बच्चे और वृद्ध, प्रभावित हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि विशेषज्ञों के अनुसार खुले में कचरा जलाने से हानिकारक तत्व वातावरण में मिलते हैं, जो उन्होंने विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने विधानसभा अध्यक्ष को याचिका सौंपकर राज्य की नगरीय निकायों में ठोस अपशिष्ट के वैज्ञानिक निस्तारण की मांग उठाई। उन्होंने राजसमंद नगर परिषद में कचरा निस्तारण व्यवस्था के ठप होने पर गंभीर गंभीर बीमारियों का कारण बन सकते हैं। साथ ही, राष्ट्रीय हरित अधिकरण और सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट नियम, 2016 के तहत यह पूर्णतः प्रतिबंधित है, फिर भी इस प्रकार की गतिविधियां प्रशासनिक लापरवाही दर्शाती हैं।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने राज्य सरकार से सभी नगर निकायों में एक समान मानक संचालन प्रक्रिया लागू करने और सख्त निगरानी सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने राजसमंद में निविदा प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कर निस्तारण व्यवस्था बहाल करने पर जोर दिया।

कहा कि कचरा छंटाई, रीसाइक्लिंग, कंपोस्टिंग और वैज्ञानिक लैंडफिल जैसी व्यवस्थाएं अपनाना आवश्यक है, ताकि नागरिकों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिल सके।


RK
GROUP
वंडर लाइए,
फर्क नज़र आएगा
WONDER CEMENT
FARQ NAZAR AAYEGA
XTREME
WONDER CEMENT
FARQ NAZAR AAYEGA
वंडर सीमेंट
WONDER CEMENT
FARQ NAZAR AAYEGA
PLUS
Toll-free No.: 1800 31 31 31 | wondercement.com

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण के नए युग का सूत्रपात



## राजसमंद में हरित ऊर्जा क्रांति की नींव : विधायक दीप्ति



जयपुर। विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने जयपुर में क्लाइमेट पार्लियामेंट इंडिया टीम के साथ आयोजित बैठक में "कांस्टीट्यूएंसी ग्रीन एनर्जी ज़ोन" पहल का शुभारंभ किया। इस पहल का उद्देश्य चयनित विधानसभा क्षेत्रों में स्वच्छ एवं किफायती ऊर्जा व्यवस्था को बढ़ावा देना है।

जयपुर। राजसमंद विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने राजस्थान में महिला सशक्तिकरण और अपराध नियंत्रण के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपराधों पर अंकुश लगाना महिला कल्याण की दिशा में सरकार का सबसे महत्वपूर्ण कदम है।

विधानसभा सत्र के पश्चात महिला विधायकों ने मुख्यमंत्री से भेंट की। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में महिला शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य और कौशल विकास के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयास महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का सशक्त आधार प्रदान कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी के इजरायल दौरे को उन्होंने भारत की रक्षा प्रणाली को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण बताया। कांग्रेस द्वारा इस दौरे का विरोध करने पर उन्होंने कहा कि यह उनकी भारत विरोधी सोच और तुष्टिकरण की नीति को उजागर करता है।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने स्पष्ट कहा कि भाजपा सरकार जहां राष्ट्र और नारी शक्ति के उत्थान के लिए समर्पित है, वहीं कांग्रेस संकीर्ण राजनीति से देश की प्रगति में बाधा उत्पन्न कर रही है।

Facebook kiranmaheshwari.bjp
Instagram kiranmaheshwari.bjp
Twitter kiransnm
DOWNLOAD Kiran Maheshwari APP

प्रबंधकीय कार्यालय
457, अम्बामाता योजना,
उदयपुर - 313004,
मो. 0294- 3551805

प्रधान सम्पादक
**डॉ. सत्यनारायण माहेश्वरी**
94143 16490

सम्पादक
**अनिल चतुर्वेदी**
9414164431

सह–सम्पादक
**राजेश शर्मा**
9414786019

वार्षिक शुल्क – 100/–
आजीवन शुल्क – 2100/–

**प्रकाशक मुद्रक एवं स्वामी :**
स्वत्वाधिकारी श्रीमती डिम्पल खटोड़ की ओर से प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. सत्यनारायण माहेश्वरी द्वारा 457, अम्बामाता योजना, उदयपुर से प्रकाशित। मुद्रक : न्यूट्रैक ऑफसेट प्रिंटर्स, हिरण मगरी उदयपुर। संपादक – अनिल चतुर्वेदी।

contact@kiranmaheshwari.com
www.kiranmaheshwari.com